(01)

# कार्यालय कलेक्टर जिला–अनूपपुर (म0प्र0)

28

कैम्प:–अमरकण्टक

## जिला स्तरीय जल उपभोक्ता समिति अनूपपुर कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 29.12.2012 को अमरकण्टक में दीर्घकालीन जलप्रदाय योजना का स्थल निरीक्षण समिति द्वारा किया गया, अमरकण्टक में दीर्घकालीन जलप्रदाय योजना शंम्भूधारा सतही जलस्श्रोत से तैयार की गई है, शंम्भूधारा का जल स्श्रोत इतना पर्याप्त नही है कि अमरकण्टक की दीर्घकालीन योजना उपयोगी सिद्ध हो सके।

दीर्घकालीन जलप्रदाय योजना हेतु कपिलधारा के पहले नर्मदा नदी पर सर्वे कार्य कराया जाकर जानकारी प्राप्त की गई वहाँ सतही जल स्श्रोत पर्याप्त होने से दीर्घकालीन जलप्रदाय योजना उपयोगी सिद्ध होगी, तथा दूसरा स्थान हिण्डालको के मैग्जीन हाउस के पास भी सतही जल स्श्रोत का सर्वे कराया गया वहाँ भी पर्याप्त जल उपलब्ध है, इन दोनों स्थानों पर डेम निर्माण कराया जाकर दीर्घकालीन जलप्रदाय योजना लागू की जा सकती है।

अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कपिलधारा के पहले नर्मदा नदी में एवं हिण्डालको /बरातीदादर में मैग्जीन के पास बराती नाला पर डेम निर्माण कराया जाकर सतही जल योजना प्रारभ की जाय, डेम निर्माण में कपिलधारा के पास कुछ हिस्सा डिण्डौरी जिले का आता है, उन्हे भी सूचित किया जाय तथा डेम निर्माण में जो वन क्षेत्र डूब में आता है उसकी सूचना वन मण्डालाधिकारी अनूपपुर/डिण्डौरी को आवश्यक कार्यवाही हेतु दी जाये।

तदानुसार दीर्घकालीन जलप्रदाय योजना प्रारंभ किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया जाता है।

कार्यपालन यंत्री
लो0नि0 विभाग
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

कलेक्टर
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

एस.डी.एम.
पुष्पराजगढ़
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

एस.डी.ओ.
जल संसाधन
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् अमरकण्टक
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

CS Letter-T